मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 02/05/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 424/2025
2 मई 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सरायकेला -खरसावां जिला के उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला एवं गुमला जिला के उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला तथा उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा "प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन " से सम्मानित किए जाने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनहित से जुड़ी योजनाओं को पहुंचाने में आप जैसे अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। सरायकेला खरसावां एवं गुमला जिले को मिले इस सम्मान से पूरा राज्य गौरान्वित हुआ है।

मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में झारखंड विकास योजनाओं के बेहतर और सफल क्रियान्वयन में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। विदित हो कि 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावशाली और नवोन्मेषी क्रियान्वयन के लिए सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड को पूरे देश में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला तथा गुमला जिले के उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी को नवाचार पहलों एवं लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया था।

================

#Team PRD(CMO)